Headline: 75 new schools start Financial Market Management course, launched by CBSE and NSE	
Source: Amar Ujala	**Date:** 23 APRIL 2016

एनएसई-सीबीएसई ने 75 स्कूलों ने शुरू किए वितीय बाजार के पाठ्यक्रम

मुंबई। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्टाक एक्सचेंज एनएसई के साथ मिल करविद्यार्थियों को कम उम्र में ही वित्तीय बाजार की दृष्टि से सयाना बनाने की तैयारी की है। बोर्ड के करीब 75 स्कूलों ने नौवीं-दसवीं के छात्रों के लिए इसी सत्र से वित्तीय बाजार प्रबंधन :एफएमएमः पाठ्यक्रम शुरू किया है जो उन्हें धन प्रबंधन के गुर सिखाएगा। सीबीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने संयुक्त रूप से किया था ताकि बच्चों को वित्तीय योजना और धन प्रबंधन के प्रति जागरूक बनाया जा सके। एनएसई ने एक बयान में बताया कि कई नामी-गिरामी स्कूल सोसायटियों और समूहों ने निर्णय किया है कि वह इस साल से इस पाठ्यक्रम को शुरू करेंगे। एनएसई की एक विज्ञप्ति के अनुसार इन 75 नए स्कूल जिनमें दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, कोलकाता, ओडिशा, केरल और अंडमान एवं निकोबार के स्कूल शामिल हैं। केंद्रीय विद्यालय संगठन इसे इस साल आगरा, दिल्ली, जयपुर और देहरादून के 25 स्कूलों में शुरू कर रहा है। इसके अलावा दिल्ली पब्लिक स्कूल, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से संबंद्ध स्कूल और पंजाब के भारती फाउंडेशन के स्कूल भी इस पाठ्यक्रम को शुरू कर रहे हैं।